**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**

निगम कार्यालय Corporate Office

गच्ची बाउली Gachibowli :: हैदराबाद Hyderabad

(रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार का उद्यम)

बीडीएल/104/बीडी-पीआरसी/06 दि. 15.12.2017

**<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>**

**<u>बी डी एल में स्वच्छ भारत पखवाड़ा मनाया गया</u>**

भारत डायनामिक्स लिमिटेड में दि. 1 से 15 दिसंबर, 2017 तक स्वच्छ भारत पखवाड़ा मनाया गया।

स्वच्छ भारत पखवाड़े के उद्घाटन के अवसर पर श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी, बी डी एल ने कंपनी के कर्मचारियों के लिए स्वच्छ भारत शपथ दिलायी। उन्होंने कर्मचारियों से औद्योगिक कल्याण तथा पर्यावरणीय चिंता के अंतर्गत फैक्टरी परिसर में स्वच्छता बनाये रखने और इस स्वच्दता को जिंदगी का अंग बनाने का अनुरोध किया।

पूरी कंपनी में अनावश्यक कार्यालयी चीज़ों का निपटान, मक्खियॉ व अन्य कीटाणुओं को रोकने के लिए बी डी एल टाउनशिप में कूड़ा-कचरा हटाना, कर्मचारी व उनके परिजनों में ऑर्गानिक व पुन:चक्रीय अपशिष्ट को अलग कर उनका निपटान करने संबंधी जागरूकता लाना आदि कार्यक्रमों के माध्यम से बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'दैनिक जीवन में स्वच्छता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया।

स्वच्छता संबंधी संदेश के प्रचार के लिए कर्मचारी व इनके परिजनों के लिए एक मिनी-मारथॉन का आयोजन किया गया।

स्वच्छता के महत्व पर कर्मचारियों की संतान के लिए पेंटिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। स्वच्छता संबंधी जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर पोस्टर व बैनर लगाए गए।





स्वच्छ भारत पखवाड़ा के अंतर्गत दि. 13 दिसंबर, 2017 को बी डी एल, कंचनबाग में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्री वी गुरुदत्त प्रसाद, निदेशक (उत्पादन), श्री के दिवाकर, निदेशक (तकनीकी) ने भाग लिया।

---xxx---